REPRESENTATIVE FOR CHILDREN AND YOUTH
बाल तथा युवा प्रतिनिधि

निगरानी
तथ्य पत्र

लक्ष्य

कार्यक्रम चलाने तथा उनके परिणामों को बेहतर बनाने के लिए कमजोर बच्चों और युवाओं के लिए सरकार द्वारा वित्तीय सहायता पाने वाली सेवाओं की समीक्षा करना।

निगरानी टीम:

- कमजोर बच्चों और युवाओं के कल्याण में सहायता के लिए नामित कार्यक्रमों और सेवाओं का मूल्यांकन करती है
- संबंधित खोज तथा विश्लेषण का काम करती है।

हम यह काम कैसे करते हैं?

- यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे प्रभावी और जवाबदेह हैं, सेवाओं का मूल्यांकन करना।
- कमजोर बच्चों और युवाओं के लिए सेवाओं को मज़बूत करने के लिए सरकारी सेवा प्रदाताओं और भागीदारों के लिए सिफारिशें करना।
- कमजोर बच्चों और युवाओं की भलाई के बारे में खोज करना ताकि यह बेहतर समझा जा सके कि इसमें कैसे सुधार किया जा सकता है।
- यह निगरानी करना कि RCY की सिफारिशों को बाल तथा युवा सेवाओं तथा प्रणालियों द्वारा कैसे अपनाया जा रहा है।

हम किस चीज़ की निगरानी करते हैं?

- *गोद लेने संबंधी कानून, बाल, परिवार और सामुदायिक सेवा कानून* और *युवा न्याय कानून* के तहत सेवाएं या कार्यक्रम
- आरंभिक बचपन विकास और बाल देखभाल सेवाएं
- बच्चों और युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य तथा मादक द्रव्यों के दुरुपयोग संबंधी सेवाएं
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और युवाओं के लिए सेवाएं
- *बाल और युवा प्रतिनिधि कानून* के अंतर्गत कानून द्वारा निर्धारित अन्य अतिरिक्त सेवाएं या कार्यक्रम।

हम कैसे रिपोर्ट करते हैं?

बाल तथा युवा प्रतिनिधि:

- अपनी निगरानी तथा मूल्यांकन गतिविधियों की, जिनमें RCY की सिफारिशों की सूचना भी शामिल है, सार्वजनिक सूचना देता है।

इसमें शामिल हैं:

- समय-समय पर होने वाली समीक्षाएं जो कि कमजोर बच्चों और युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों के सेवन, गोद लेने, युवा न्याय और बाल कल्याण जैसी सेवाओं के विशेष पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करती हैं
- बच्चों और युवाओं की सेवारत प्रणाली पर व्यापक खोज रिपोर्ट।

मुख्य कार्यालय
Suite 400, 1019 Wharf Street
Victoria, B.C.
V8W 2Y9
मुख्य कार्यालय: 250-356-6710

टॉल-फ्री: 1-800-476-3933
टेक्स्ट: 1-778-404-7161
फैक्स: 250-356-0837
ई-मेल: rcy@rcybc.ca
वेबसाइट: www.rcybc.ca

rcybc
rcybcyouth
@rcybc
@rcybcyouth
rcybcyouth